आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

आधार हो एक तेरा आस एक तेरी,
ऐसी किरपा मुझपे भी हो प्रभु तेरी,

तेरी किरपा से स्वामी मुझे ये लगन लगी है,
सत पथ की राह टेडी मची मन में खल बलि है,
मिट जाये सब अँधेरा मिल जाये राह तेरी,
आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

करू निज कर्म जगत में लेकर के नाम तेरा,
दिल में हो याद तेरी मन में हो ध्यान तेरा,
समजू तेरे इशारे बाते हो तुमसे मेरी,
आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

तेरा नाम लेके सोउ तेरा नाम लेके जागू,
सपनो में श्याम सूंदर झांकी तुम्हारी पाउ ,
होगा सफल ये नर तन पा कर के प्रीत तेरी,
आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

हसने लगे ये दुनिया तेरा प्यार किस कदर हो,
दुनिया की हरकतों का अब मुझपे ना असर हो,
धुंडु सदा मैं तुझको कर आंखे बंद मेरी,
आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

इतना करीब करलो सिर्फ तुम्ही तुम्ही तुम हो,
तेरे नाम से सुरु हो तेरे नाम पे ख़तम हो,
ये सिलसिला न टूटे हो जाये जीत तेरी,
आधार हो एक तेरा आस एक तेरी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5809/title/adhaar-ho-ek-tera-aas-ek-teri-esi-kirpa-mujhpe-bhi-ho-prabhu-teri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |